5. नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : **$1 \times 5 = 5$**

(क) 'कार्टून कोना' किसे कहते हैं ?

(ख) 'वॉचडॉग पत्रकारिता' से आप क्या समझते हैं ?

(ग) पत्रकार के दो प्रकार लिखिए ।

(घ) 'एंकर बाइट' किसे कहते हैं ?

(ङ) 'पेज थ्री पत्रकारिता' से क्या अभिप्राय है ?

6. 'मज़दूरों की समस्या' **अथवा** 'शहरों में पेयजल की समस्या' विषय पर एक फीचर तैयार कीजिए । **5**

7. 'भारत में तकनीकी विकास' **अथवा** 'सुनसान होते गाँव' विषय पर एक आलेख तैयार कीजिए । **5**

## खंड – 'ग'

8. प्रस्तुत काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

हो जाए न पथ में रात कहीं
मंजिल भी तो है दूर नहीं
यह सोच थका दिन का पंथी भी जल्दी-जल्दी चलता है !
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है ।
बच्चे प्रत्याशा में होंगे
नीड़ों से झाँक रहे होंगे
यह ध्यान परों में चिड़ियों के भरता कितना चंचलता है !
दिन जल्दी-जल्दी ढलता है ।

(क) पंथी क्या सोच रहा है और क्यों ?

(ख) बच्चे नीड़ों से क्यों झाँकते होंगे ?

(ग) कवि को किस बात की चिंता है और क्यों ?

(घ) चिड़ियाँ चंचल क्यों हो रही हैं ?

**अथवा**

12. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$3 \times 4 = 12$**

(क) भक्तिन अच्छी है, यह कहना कठिन होगा, क्योंकि उसमें दुर्गुणों का अभाव नहीं – पठित पाठ के आधार पर कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है' – 'बाज़ार दर्शन' के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'काले मेघा पानी दे' पाठ लोक-विश्वास और विज्ञान के द्वन्द्व का चित्रण है – कैसे ?

(घ) लुट्टन सिंह पहलवान की कीर्ति दूर-दूर तक कैसे फैल गई ?

(ङ) 'लाहौर अभी तक उनका वतन है और देहली मेरा' – जैसे उद्‌गार किस सामाजिक यथार्थ का संकेत करते हैं ?

13. 'जूझ' कहानी के कथानायक को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए भी संघर्ष करना पड़ा था । अगर आपको इस प्रकार का संघर्ष करना पड़े तो आप पर अनुकूल और प्रतिकूल प्रतिक्रियाएँ क्या होंगी ? जीवन मूल्यों की दृष्टि से स्पष्ट कीजिए । **5**

14. नीचे लिखे प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$2 \times 5 = 10$**

(क) 'जूझ' का कथानायक किशोर छात्रों के लिए एक आदर्श प्रेरणास्रोत है – कहानी के आधार पर सोदाहरण टिप्पणी कीजिए ।

(ख) औरतों को बहादुर सिपाहियों से ज्यादा संघर्ष करने वाली क्यों बताया गया है ? 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) यशोधर बाबू में नये और पुराने का द्वन्द्व है – उदाहरण देकर प्रतिपादित कीजिए ।

---